जालंधर, बुधवार 27 मार्च 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH

+91 97814 00247



वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**

पैसा कमाने के लिये इतना वक्त खर्च ना करो की, पैसे खर्च करने के लिये जिंदगी में वक्त ही ना मिले।

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# कांग्रेस को बड़ा झटका, लुधियाना से सांसद रवनीत सिंह बिट्टू BJP में शामिल






**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पंजाब नें कांग्रेस पार्टी को बड़ा झटका लगा है. पार्टी के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू BJP में शामिल हो गए हैं. रवनीत सिंह बिट्टू पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते हैं. वह सिख आतंकवाद के खिलाफ लंबे समय से मुखर रहे हैं. रवनीत सिंह बिट्टू को राहुल गांधी का करीबी माना जाता था. पिछले लोकसभा चुनाव में बिट्टू लुधियाना सीट से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे.

### पंजाब में बीजेपी अकेले उतरेगी चुनाव में

पंजाब में भाजपा और अकाली दल के बीच लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन की बातचीत टूट गयी है. दोनों दल मिलकर चुनाव नहीं लड़ेंगे. अकाली दल लंबे समय तक एनडीए में शामिल रही थी. साल 2019– 2020 में केंद्र सरकार की तरफ से लाए गए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ अकाली दल ने अपने आप को एनडीए से अलग कर लिया था.

बीजेपी ने पंजाब की सभी 13 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है. बिट्टू से पहले भी कई कांग्रेसी नेता बीजेपी का दामन थाम चुके हैं.

### पिछले लोकसभा चुनाव में क्या रहा था परिणाम?

2019 में, तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री (और पूर्व कांग्रेसी) अमरिंदर सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस ने राज्य की 13 सीटों में से आठ पर जीत दर्ज की थी. भाजपा और अकाली ने दो-दो सीटें जीतीं थी. आम आदमी पार्टी को एक सीट पर जीत मिली थी. इस चुनाव में अकाली दल को 27 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे. जबकि बीजेपी को 10 फीसदी से भी कम वोट मिले थे. दोनों ही दलों के वोट परसेंट में बड़ा अतंर रहा था. कांग्रेस में विवाद के बाद अमरिंदर सिंह ने भी बीजेपी का दामन थाम लिया था.

## हो गया साफ... पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी बीजेपी, सुनील जाखड़ ने किया स्पष्ट



**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** पंजाब में भाजपा अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी।इसका ऐलान करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि लोगों की राय के बाद यह फैसला लिया गया है। वर्करों और नेताओं की भी यही राय है। पंजाब में लोकसभा की 13 सीटें हैं। पंजाब के भविष्य, जवानी–किसानी और व्यापारियों एवं पिछड़े वर्ग की बेहतरी के लिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में किसानों की फसल का एक–एक दाना उठाया गया है।करतारपुर कॉरिडोर की सदियों की मांग पीएम मोदी ने पूरी की।बता दें कि पहले पंजाब में अकाली दल से भाजपा के दोबारा गठजोड़ की चर्चा थी।

भाजपा के सीनियर नेता भी इसके पक्ष में थे। इसके बावजूद यह बातचीत बन नहीं पाई।




## लड़ाई जारी रहेगी...

## लद्दाख की मांगों को लेकर 21 दिन से धरने पर बैठे सोनम वांगचुक ने खत्म की भूख हड़ताल

**सोनम वांगचुक लेह में स्थित एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) के संयुक्त प्रतिनिधियों के बीच बातचीत के एक दिन बाद छह मार्च से शून्य से नीचे के तापमान पर 'जलवायु अनशन' कर रहे हैं. ये दोनों संगठन लद्दाख को राज्य का दर्जा देने तथा उसे छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर आंदोलन का संयुक्त रूप से नेतृत्व कर रहे हैं.**



**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** लद्दाख को राज्य का दर्जा दिए जाने और उसे संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर 21 दिनों से धरने पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी है. हालांकि 21 दिनों तक नमक और पानी पर जीवित रहने के बाद, प्रसिद्ध जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षा सुधारक सोनम वांगचुक ने कहा कि उनकी लड़ाई जारी रहेगी.

इससे पहले उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लोगों से किए वादे पूरा करने की अपील की. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किए एक वीडियो में कमजोर दिख रहे वांगचुक ने लद्दाख के लोगों से राष्ट्र हित में इस बार 'सावधानीपूर्वक' अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का आह्वान किया. छठी अनुसूची में स्वायत्त जिला परिषदों के जरिए असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में आदिवासी इलाकों के प्रशासन से जुड़े प्रावधान हैं.

सोनम वांगचुक ने कहा, ''भारत लोकतंत्र की जननी है और हम नागरिकों के पास एक बहुत विशेष शक्ति है. हम निर्णायक भूमिका में हैं, हम किसी भी सरकार को उसके तौर तरीके बदलने के लिए विवश कर सकते हैं या काम नहीं करने पर सरकार बदल सकते हैं.''

बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म '3 इंडियट्स' में आमिर खान का किरदार रैंचो, सोनम वांगचुक के जीवन से प्रेरित है.



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247



S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# AAP का प्रदर्शन : पंजाब के मंत्री, सोमनाथ भारती समेत कई नेता हिरासत में लिए गए



**जालंधर ( हिमांशु ) :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन के लिए यहां पटेल चौक पर इकट्ठा हुए पंजाब सरकार के मंत्री हरजोत सिंह बैंस और आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती समेत पार्टी के सैकड़ों सदस्यों को पुलिस ने मंगलवार को हिरासत में ले लिया।

'इंकलाब जिंदाबाद' और 'केजरीवाल जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए 'आप' के कार्यकर्ता और नेता समूह में इलाके के मेट्रो स्टेशन पहुंचे। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोक कल्याण मार्ग स्थित आधिकारिक आवास को घेरने के लिए मार्च का आह्वान किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है और पुलिस किसी को भी जमा होने की अनुमति नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर, हमें इस क्षेत्र को खाली कराना है।

उन्होंने कहा, हम यहां किसी को इकट्ठा होने की इजाजत नहीं देंगे। प्रवर्तन निदेशालय ने अब रद्द की जा चुकी आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन से संबंधित मामले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। वह बृहस्पतिवार तक एजेंसी की हिरासत में हैं। उन पर नीति बनाने के दौरान कुछ व्यक्तियों को फायदा पहुंचाने संबधी कथित साजिश में सीधे शामिल होने का आरोप है। कविता नाम की एक प्रदर्शनकारी ने कहा, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार हर उस व्यक्ति को निशाना बना रही है जो ईमानदार है ताकि वह भ्रष्टाचारियों को बचा सके। 'आप' के वरिष्ठ नेता भारती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए पोस्ट में कहा कि पुलिस ने उन्हें दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष एवं मंगोलपुरी से पार्टी की विधायक राखी बिड़लान के साथ हिरासत में ले लिया है।

भारती ने कहा कि यह देखकर हैरानी होती है कि दिल्ली पुलिस शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे 'आप' समर्थकों को गिरफ्तार कर रही है, लेकिन वे भाजपा को रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं। पंजाब में 'आप' की सरकार में मंत्री बैंस और पार्टी की वरिष्ठ नेता रीना गुप्ता भी उन नेताओं में शामिल हैं जिन्हें हिरासत में लिया गया है। भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली इकाई के नेता और कार्यकर्ता मुख्यमंत्री पद से केजरीवाल के इस्तीफे की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस ने लोक कल्याण मार्ग इलाके के अलावा राष्ट्रीय राजधानी के कई अन्य इलाकों में भी सुरक्षा कड़ी की है।

पुलिस ने अपने कर्मियों के साथ-साथ अर्धसैनिक बलों के कर्मियों को भी तैनात किया है। नयी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) देवेश कुमार ने कहा, धरना-प्रदर्शन की इजाजत नहीं है। हमें यह भी जानकारी मिली कि प्रदर्शनकारी पटेल चौक मेट्रो स्टेशन पर इकट्ठा होंगे। यह देखते हुए हमने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। कुमार ने कहा कि अगर प्रदर्शनकारी आने और इकट्ठा होने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें तुरंत हिरासत में लिया जाएगा।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि लोक कल्याण मार्ग मेट्रो स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार सुरक्षा कारणों से बंद कर दिए गए हैं। डीएमआरसी के अनुसार, पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशनों पर भी अगले आदेश तक प्रवेश एवं निकास संबंधी प्रतिबंध लगाए गए हैं। दंगा-रोधी उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मी मेट्रो स्टेशनों के आसपास और मध्य दिल्ली में अन्य स्थानों पर भी देखे गए।

## फेक था केजरीवाल का आदेश, आतिशी पर तुरंत मुकदमा दर्ज हो; BJP की LG-ED से शिकायत

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में रहकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से जारी 'आदेशों' को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने आदेश को फर्जी बताते हुए दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है इसके लिए दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना और प्रवर्तन निदेशालय से शिकायत की गई है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने यह शिकायत दर्ज कराई है।



सिरसा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज में कहा, 'आज मैंने दिल्ली के उपराज्यपाल और प्रवर्तन निदेशालय को आतिशी और उनके सहयोगियों के खिलाफ शिकायत की है। जिन्होंने मुख्यमंत्री जी के नाम से एक गैरकानूनी आदेश दिखाया है और कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री का ऑर्डर है। मुख्यमंत्री जी ने ईडी कस्टडी में रहते हुए ऑर्डर पास किया है। यह पूरी तरह गैरकानूनी था, गैर संवैधानिक था। यह मुख्यमंत्री के दफ्तर का दुरुपयोग है। सिरसा ने कहा कि केजरीवाल ईडी की हिरासत से कोई आदेश जारी नहीं कर सकते हैं। उनके दफ्तर का दुरुपयोग करके ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने इसे आपराधिक साजिश और सीएम ऑफिस को हाईजैक बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। सिरसा ने कहा, 'दिल्ली की चुनी हुई सरकार के द्वारा अपने मुख्यमंत्री के पद का दुरुपयोग किया जा रहा है। जबकि ईडी की कस्टडी में अरविंद केजरीवाल कोई आदेश नहीं पारित कर सकते। ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। इसके बावजूद अरविंद केजरीवाल जी के नाम से जो गलत काम किया गया है उसको लेकर मैंने उपराज्यपाल जी से आग्रह किया है कि तुरंत इसकी जांच की जाए, मुकदमा दर्ज किया जाए। आतिशी और जो लोग सीएम का ऑफिस हाईजैक करने में शामिल थे, आपराधिक साजिश में, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाए।'

सिरसा का दावा है कि दिल्ली सरकार के लेटरहेड का गलत इस्तेमाल करते हुए केजरीवाल का कथित आदेश तैयार किया गया। उन्होंने कहा, 'आदेश पर नंबर, तारीख और हस्ताक्षर नहीं है जिससे साफ है कि सत्ता और पद का दुरुपयोग किया जा रहा है।' सिरसा का कहना है कि केजरीवाल इस समय ईडी रिमांड पर हैं और बिना अदालत के इस्तेमाल के वह इस तरह के निर्देश जारी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि कौन मुख्यमंत्री के दफ्तर का दुरुपयोग कर रहा है।

# आईफोन, बर्थडे पार्टी, पाकिस्तानी जूतियां खरीदने के लिए पटवारी ने ले ली 34.70 लाख रुपये की रिश्वत

### विजिलेंस ने किया गिरफ्तार



पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मंगलवार को राजस्व हलका पीरूबंदा, पूर्वी लुधियाना में तैनात राजस्व पटवारी गुरविंदर सिंह को 34.70 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। हाईकोर्ट द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद उन्होंने विजिलेंस ब्यूरो रेंज लुधियाना में आत्मसमर्पण कर दिया है। भ्रष्टाचार के इस मामले में उक्त पटवारी के भाई और पिता सहित उसके एजेंट निक्कू पर भी रिश्वत लेने की साजिश रचने का मामला दर्ज किया गया है।

राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने आज खुलासा करते हुए कहा कि यह मामला बठिंडा जिले के रामपुरा फूल शहर के निवासी बब्बू तनवर द्वारा उक्त पटवारी और उसके निजी एजेंट के खिलाफ मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार निवारण एक्शन लाइन पर दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि आरोपी ने बस स्टैंड लुधियाना के पास स्थित उसके पिता की संपत्ति के इंतक़ाल को मंजूरी देने के लिए 40,000 रुपये की रिश्वत राशि स्वीकार की थी, जिसे वर्ष 1994 में पंजीकृत किया गया था। शिकायतकर्ता ने आगे आरोप लगाया कि उपरोक्त पटवारी और उसके एजेंट निक्कू ने उससे दो 'आई-फोन', स्मार्ट घड़ियों के साथ-साथ 3 लाख रुपये की पाकिस्तानी जूतियाँ खरीदने के लिए 3,40,000 रुपये भी लिए थे। इसके अलावा, शिकायतकर्ता ने उक्त पटवारी के एजेंट निक्कू की जन्मदिन पार्टी पर 80,000 रुपये की राशि खर्च की थी। प्रवक्ता ने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि उपरोक्त पटवारी, उसके साथी निक्कू, पटवारी के पिता परमजीत सिंह और भाई बलविंदर सिंह ने एक-दूसरे के साथ मिलीभगत करके इंतक़ाल कराने के बदले में चार बार 27,50,000 रुपये की रिश्वत ली थी। उन्होंने बताया कि सत्यापन के अनुसार, उपरोक्त पटवारी ने न तो संबंधित संपत्ति का नामांतरण किया और न ही इस कार्य के लिए शिकायतकर्ता से ली गई राशि लौटाई, जिससे साबित हुआ कि आरोपियों ने रिश्वत लेने के बाद भी उसके साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने आगे कहा कि इस संबंध में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 7-ए और आईपीसी की धारा 420, 120-बी के तहत विजीलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन लुधियाना रेंज में एफआईआर नंबर 29 दिनांक 24-11-2023 पहले ही पटवारी गुरविंदर सिंह, उसके साथी निक्कू सहित पटवारी के भाई और पिता को रिश्वत मांगने और स्वीकार करने तथा एक-दूसरे के साथ मिलकर साजिश रचने का दोषी पाते हुए मुकदमा दर्ज है। उन्होंने आगे बताया कि पटवारी के पिता और भाई को पहले ही कोर्ट से जमानत मिल चुकी है लेकिन हाई कोर्ट ने दोषी पटवारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

इसके बाद से गुरविंदर सिंह पटवारी और उसके साथी निक्कू की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। इसलिए अब कोई अन्य विकल्प न मिलने पर उक्त पटवारी ने आत्म-समर्पण कर दिया है।

विजीलेंस ब्यूरो रेंज लुधियाना द्वारा पहले उसे कल सक्षम न्यायालय में पेश किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है और उसके साथी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247







# होली के रंग में रंगा... सिटी






## पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशू भी छोड़ेंगे कांग्रेस, जाएंगे बीजेपी के साथ

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगने वाला है।



पूर्व कैबिनेट मंत्री भारत भूषण आशू भी छोड़ेंगे कांग्रेस, जाएंगे बीजेपी के साथ।

MP रवनीत बिट्टू के खास दोस्त हैं आशु। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है की आशु भी जल्द ही बीजेपी में जा सकते हैं।

## होला मोहल्ला देखने जा रहे 2 युवकों के साथ हुआ भयानक हादसा, मौके पर दर्दनाक मौत






**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के बुढलाडा के होला मोहल्ला पर गए 2 युवकों के साथ दर्दनाक हासदा हो गया जिसमें उनकी मौत होने की सूचना है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक होला मोहल्ला पर मोटरसाइकिल पर सवार होकर श्री आनंदपुर साहिब जा रहे थे।

जब वह चीमां मंडी के पास पहुंचे तो अचानक ट्रैक्टर ट्रॉली से टक्कर हो जाने के कारण मौत हो गई। मास्टर कुलवंत सिंह ने बताया कि बुढलाडा हलके से संबंधित 6 युवक मोटरसाइकिल से श्री आनंदपुर साहिब जा रहे थे, तभी चीमां मंडी के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई, जिसमें 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

# पंजाब में लगने वाले लाउड स्पीकरों को लेकर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा जवाब

**जालंधर( जतिन चौहान ) :** पंजाब में धार्मिक स्थानो पर लगने वाले लाउड स्पीकरों को लेकर हईकोर्ट सख्त नजर आ रही है जिसे लेकर हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जानकारी मिली है कि हाईकोर्ट में रिहायशी इलाकों में लाउड स्पीकर लगने को लेकर एक दलील पहुंची है कि लाउड स्पीक चलने से लोगों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।लाउड स्पीकर चलने से बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ता है।

हाईकोर्ट ने कहा कि 2019 में लाउड स्पीकर को लेकर आदेश जारी किए थे इसे लेकर क्या कदम उठाया गया है। इसे लेकर सरकार से जवाब मांगा गया है जिसकी सुनवाई 24 अप्रैल को को होगी। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में धार्मिक स्थानों पर तेज आवाज में चलने वाले लाउड स्पीकर चलते हैं। इससे लोगों को परेशानी आती है। बच्चों की परीक्षाओं पर असर पड़ता है। कई बार एरिया के प्रमुखों को ऊंची आवाज को लेकर समझाया जाता है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है।




# जयराम रमेश ने गिनाईं अटल पेंशन योजना की खामियां, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया करारा जवाब

**जालंधर( सूरभि शर्मा ) :** अटल पेंशन योजना को लेकर मीडिया में प्रकाशित एक खबर को आधार बनाकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि अटल पेंशन योजना एक खराब ढंग से डिजाइन की गई योजना और कागजी शेर है। अब इसका जवाब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया है। निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कांग्रेस नेता जयराम रमेश तथ्यों को छिपाने और कुतर्क के लिए जाने जाते हैं। वह एक अच्छी पेंशन योजना को दुर्भावनापूर्ण नजरिए से देख रहे हैं और साथ ही इसके बुनियादी सिद्धांतों से अनभिज्ञ हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस इस बात को पसंद करती है कि गरीबों को पेंशन नहीं मिलनी चाहिए ताकि वे सरकारी सहायता पर निर्भर रहने को मजबूर हो जाएं। उन्होंने कहा कि अटल पेंशन योजना बेहतरीन तरीके से बेहतर विकल्पों के साथ और उसके आधार पर डिजाइन की गई है, ताकि ग्राहक द्वारा विकल्प नहीं चुनने तक प्रीमियम



भुगतान स्वतः जारी रहे। यह ग्राहकों के सर्वोत्तम हित में है। लोगों को हर साल इसे जारी रखने का निर्णय लेने की आवश्यकता नहीं है। हां, लोग चाहें तो इसे बंद करने का निर्णय ले सकते हैं।

वित्त मंत्री ने आगे लिखा है कि जयराम रमेश इसे निश्चित आय पेंशन कहते हैं। उन्होंने तथ्यों की जांच करने की जहमत नहीं उठाई है। प्रचलित ब्याज दरों और रिटर्न की परवाह किए बिना, योजना के तहत न्यूनतम रिटर्न की गारंटी भारत सरकार द्वारा कम से कम 8 प्रतिशत दी जाती है। यह एक आकर्षक गारंटीकृत न्यूनतम रिटर्न है।

वास्तविक रिटर्न में किसी भी कमी की भरपाई के लिए भारत सरकार पीएफआरडीए को सब्सिडी का भुगतान करती है। यदि एपीवाई के अंशदाताओं के योगदान पर उच्च निवेश रिटर्न प्राप्त होता है, तो ग्राहकों को उच्च पेंशन का भुगतान किया जाएगा। सीतारमण ने आगे लिखा है कि जयराम रमेश का कहना है कि लोगों को इसमें शामिल होने के लिए धोखा दिया जा रहा है और मजबूर किया जा रहा है। कांग्रेस तो अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के नाम पर हमेशा वोट बैंक की राजनीति करती है। एसबीआई के पूर्व चेयरमैन आर.के. तलवार ने इस्तीफा दे दिया था क्योंकि उन्होंने वंशवाद की पोषक पार्टी के पसंदीदा लोगों को ऋण देने से इनकार कर दिया था।

जहां तक गरीबों और निम्न मध्यम वर्ग के लिए बनाई गई सब्सिडी वाली योजना के लिए अधिकांश पेंशन खातों के निचले स्लैब में होने का सवाल है, तो यह स्पष्ट है।







# Jalandhar में चोरों ने NRI की कोठी पर बोला धावा, हैरान कर देगा पूरा मामला

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** महानगर में चोरी व लूट की वारदातें रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। इसी बीच पंजाबी बाग में स्थित एक एनआरआई की कोठी को चोरों द्वारा निशाना बनाने की खबर सामने आई है। हैरानी की बात तो ये है कि चोरों द्वारा पूरा दिन कोठी में बैठ कर महंगी शराब पी गई और चखना भी खाया गया। इसके बाद चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार चोर घर में पड़ा सारा कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी देते हुए हरजीत सिंह निवासी पंजाबी बाग ने बताया कि कोठी उनके रिश्तेदारों की है जोकि कनाडा और न्यूजीलैंड में रहते हैं।

हरजीत सिंह ने आगे बताया कि कोठी की देखभाल वह खुद करता है और सप्ताह में एक बार कोठी को चेक करने के लिए आता है। कोठी में ताला लगा रहता है। गत दिन उसे पड़ोसी का फोन आया कि घर का दरवाजा खुला हुआ है और बरामदे में सामान बिखरा पड़ा है। घटना की सूचना मिलते ही हरजीत सिंह तुरन्त मौके पर पहुंचा तो उसने देखा कि कोठी अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे, पंखे, ए.सी., महंगी टूटिया, बच्चों के महंगे कपड़े, रसोई का सारा सामान, कोठी में बने मिनी बार में बड़ी महंगी शराब और अंदर लगी सारी वायरिंग लेकर फरार हो गए। हैरानी की ये बात सामने आई है कि चोरों ने पहले कोठी में बैठकर शराब पी थी। इस दरान 10 लाख से ज्यादा का नुकसान बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस को इसकी घटना दे दी गई है।

